|| जीवनोपयोगी कुंजियां ||

Tips for Successful Life

ॐ जप में मन स्थिर करने के लिये क्या करें?

कभी-कभी मन में जप करें..बस में ...कार में कहीं जा रहे हो... मन से जप करें और मन से ही गिनती करें | नहीं तो कई बार हम बोलते है कि मेरा तो मन में जप चल रहा है पर फिर मनोराज भी होता है... मन ईधर - उधर भी चला जाता है... इसलिए मन से जप करें तो मन से गिनती भी करें ...ऊगलियों पर नहीं..मन से जप और मन से गिनती से भी मन जप में लग जाता है | दूसरा उपाय है कि एक बार मंत्र होठों से बोले दूसरी बार मन से बोले | इससे भी मन स्थिर हो जाता है |

- श्री सुरेशानंदजी Chittorgarh 29th Jan' 2012

ॐ 14 फरवरी 2012 - श्रीवत्स नामक दिव्ययोग:-

इस साल 14 फरवरी को मंगलवार और विशाखा नक्षत्र के शुभ संयोग के कारण श्रीवत्स नामक दिव्ययोग बन रहा है | उस दिन जो लोग जप-तप करेंगे, कर्जे से छूटने का जल्दी योग बन सकता है | ये योग सब उत्तम कार्यो में सिद्दि देने वाला है | उस दिन जप करें, पाठ करें ...गजेन्द्र मोक्ष का, आदित्य हृदय स्त्रोत्र का पाठ करें | हो सके तो उस दिन नमक -मिर्च न खाये | फीका भोजन .. दूध -रोटी आदि खा लें ...इससे आर्थिक कष्ट दूर करने में मदद मिलेगी |

- श्री सुरेशानदजी Chittorgarh 29th Jan' 2012

ॐ महाशिवरात्रि - भाग्य की रेखा बदलने हेतु (युवा विशेष):-

20 फरवरी 2012 को महाशिवरात्रि है | जिनकी उम्र 15 से 45 साल के अन्दर है..उनको अगर कोई बीमारी नहीं है...शुगर नहीं है... हो सके तो हिम्मत दिखाकर ... सुबह के सूर्योदय से लेकर अगले दिन के सूर्योदय तक पानी भी न पिए... भाग्य की रेखा न बदले तो मुझे कहना ...महा शिवरात्रि के सूर्योदय से अगले दिन के सूर्योदय तक निर्जला उपवास | जो ज्यादा दुबले -पतले हो वे ये न करें | जो बराबर ठीकठाक हो वे जरुर करें ... बहुत फायदा होगा..युवान भाई-बहनों को तो मैं आग्रहपूर्वक कहुंगा कि महाशिवरात्रि के दिन निर्जला उपवास जरुर करें और रात को फिर सो मत जाओ ..रात को २-३-४ बजे तक जगकर जप करें | युवा भाई-बहनें खास हिम्मत करें और जप करो तो पूर्व और उत्तर के बीच ..ईशान कोण पड़ता है..उधर मुंह कर के जप करना |
और एक माला महामृत्युंजय मंत्र की अपने गुरुदेव को दक्षिणा दो और प्राथना करें " हे भोला नाथ ! हमारे बापूजी हमें प्रीति देते है..ज्ञान देते है ..शक्ति देते है ..दीक्षा देते है ...ऐसे हमारे गुरुदेव का स्वास्थ्य बढ़िया रहे और हमारे गुरुदेव की आयु खूब -खूब लंबी हो " रात को १२ बजे ..१२:३० बजे ..१ बजे जब भी करना चाहो तब करना जरूर | ये पवित्र तिथि के दिन अपना भजन ..भक्ति बढ़ाने के दिन है | इस का जरुर से फायदा उठाये |

- श्री सुरेशानंदजी Chittorgarh 29th Jan' 2012

ॐ दमे का दम निकल जाये :-

जिन को दमे की तकलीफ़ है दाए नाक से श्वांस ले, रोके...ॐ ..ॐ.. ॐ..जपें और बायें नाक से छोड़ दें | ऐसा २-३ बार करें | और आश्रम के वैद्य डॉक्टर से बूटी ले ले ...एक महीने में दमे का दम निकल जाये | डॉक्टर लोग नहीं मिटा सकते ...अंग्रेजी दावा से दम नहीं मिटता ..आश्रम की बूटी से एक महीने में दमा मिट जाता है |

-पूज्य बापूजी Chittorgarh 29th Jan' 2012

ॐ <u>घर में सुख शांति के लिए:-</u>

घर में सुख शांति के लिए "ॐ शांति " " ॐ आनंद" जपे | जप विशेष तिथियों को इसका खास लाभ लें |

-पूज्य बापूजी Chittorgarh 29th Jan' 2012

ॐ <u>दुःख, चिंता, भय, बीमारी भगाने की तरकीब:-</u>

जब चिंता आये, भय आये, शोक आये, बीमारी आये तो हरि ..ॐ..ॐ...ॐ..ॐ..ॐ...........ॐ.....ॐ...ॐ..ॐ.. जप करके देवमानव हास्य करें | ये डंडा दिखा दो तो फिर चिंता रहेगी ? भय रहेगा क्या ? जब भी दुःख आये, चिंता आये तब आप डंडे बजी जान लों हट-हच-हट करके भगाए या देव मानव हास्य करके |

-पूज्य बापूजी Chittorgarh 29th Jan' 2012